महत्वपूर्ण एवं खास

अग्निवीर वायु सैनिक के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 28 जुलाई

सारंगढ़-बिलाईगढ़। इच्छुक युवक युवती अग्निवीर वायु सैनिक के लिए 28 जुलाई 2024 को रात्रि 11 बजे तक ऑनलाइन पंजीकरण फॉर्म भर सकते हैं। इसके लिए युवाओं की जन्मतिथि 3 जुलाई 2004 से 3 जनवरी 2008 के बीच होना चाहिए। यह साढ़े 17 से 21 साल के युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है। पंजीकरण के लिए पोर्टल अग्निपथ वायुसीडीएसी डॉट इन पर किया जा सकता है। इसके लिए योग्यता हायर सेकंडरी बारहवीं में विज्ञान, वाणिज्य कला वर्ग के विद्यार्थी 50 प्रतिशत प्राप्तांक और अंग्रेजी विषय में अनिवार्य रूप से 50 प्रतिशत अंक आने पर शैक्षणिक रूप से भर्ती में भाग लेने के लिए पात्र होते हैं। इसका ऑनलाइन परीक्षा 18 अक्टूबर 2024 को निर्धारित है।

नगरीय निकायों में बीटेक, बीई स्नातक आवेदकों से ट्यूलिप इंटरट्रेनी हेतु 05 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

सारंगढ़ बिलाईगढ़। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत छत्तीसगढ़ के सभी नगरीय निकायों (नगरनिगम, नगरपालिका और नगर पंचायत) में बीटेक या बीई स्नातक आवेदकों से स्वच्छ ट्यूलिप कार्यक्रम अंतर्गत 12 सप्ताह (लगभग 3 माह) के लिए ट्यूलिप इंटर ट्रेनी हेतु 05 अगस्त 2024 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया है। इसके लिए एकमुश्त देय राशि चार हजार पांच सौ (4500) रुपए है। आवेदन केवल ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएंगे। इसके लिए वेबसाइट https://internship.aicte-india.org/ इंटर्नशिप डॉट एआईसीटीई डेस इंडिया डॉट ओआरजी है।

भालू के हमले से घायल हुए ग्रामीण को डॉयल 112 ने पहुंचाया अस्पताल

रायगढ़। दिनांक 26.07.2024 के सुबह करीब 11.30 बजे डॉयल 112 तमनार राइनो को ग्राम देवगांव मांझीपारा में भालू के हमले से घायल हुये ग्रामीण के लिए मेडिकल इमर्जेंसी का इवेंट मिला। तत्काल तमनार राइनो पर थाना तमनार के प्रधान आरक्षक दिलीप सिंह एवं वाहन चालक हेमलाल ग्राम देवागांव पहुंचे। जहां ग्रामीणों ने डॉयल 112 स्टाफ को बताया कि गांव का राम जीत यादव (उम्र करीब 65 वर्ष) सुबह अपना खेत देखने गया था, जहां उस पर एक भालू ने हमला कर दिया, भालू ने रामजीत के पैर को काटा, किसी तरह राम जीत भालू से बचकर घर आया जिसके पैर से काफी खुन बह रहा था। परिजनों ने डॉयल 112 को कॉल कर मदद ली। तमनार राइनो स्टाफ शीघ्र घायल रामजीत यादव की मदद के लिए ग्राम देवगांव पहुंचे और घायल को 112 वाहन में बिठा कर सीएचसी तमनार ले जाकर उपचार हेतु भर्ती कराया गया।

निर्माणाधीन मकान से हजारों रुपए के सामान पार

रायपुर (आरएनएस)। भावना नगर स्थित निर्माणाधीन मकान से अज्ञात चोर ने हजारों रुपए के सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सुमीत सोंधी 40 वर्ष भावना नगर खम्हारडीह का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि उसके निर्माणाधीन मकान में अज्ञात चोर ने प्रवेश कर 2 नग टूल्लू पंप एवं पड़ोस में लगे 2 नग सीसीटीवी कैमरा पार कर दिया। चोरी गए सामानों की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

रायगढ़ में लगातार हो रही बारिश को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट पर

- कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने बाढ़ राहत के लिए सभी जरूरी तैयारियां रखने किया निर्देशित
- एडीएम संतन देवी जांगड़े ने वीडियो कान्फ्रेसिंग से जिले में स्थिति की समीक्षा की, अधिकारियों को दिए गए दिशा-निर्देश
- बाढ़ आपदा राहत के लिए कंट्रोल रूम स्थापित, सहायता के लिए 07762-223750 पर कॉल कर दे सकते हैं सूचना
- नदियों-बांधों में जल स्तर की लगातार हो रही निगरानी

रायगढ़

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने वर्षा ऋत को ध्यान में रखते हुए बाढ़, अतिवृष्टि, प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत व्यवस्था करने के संबंध में अधिकारियों को अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए हुए हैं। रायगढ़ जिले में बीते दो दिनों से हो रही बारिश और बढ़ते नदी जल स्तर को देखते हुए कलेक्टर गोयल के निर्देश पर एडीएम संतन देवी जांगड़े एवं डिप्टी कलेक्टर एवं बाढ़ आपदा की नोडल अधिकारी रेखा चन्द्रा ने जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक लेकर स्थिति की समीक्षा की और एहेतियाती दिशा निर्देश दिए।

एडीएम संतन देवी जांगड़े ने नदी के जलस्तर पर नजर रखने और जल स्तर के खतरे के निशान पर पहुंचने की संभावना होने पर इसकी पूर्व सूचना कोटवारों के माध्यम से गांवों में मुनादी करवाने के निर्देश दिया। जल स्तर वृद्धि को देखते हुए नदी तट के करीब स्थित गांवों की सतत निगरानी के लिए कहा गया है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में खाद्य सामग्री, नमक, केरोसीन, जीवन रक्षक दवाईयां इत्यादि नियमानुसार संग्रहित करने और उपलब्ध कराने कहा है। बाढ़ की स्थिति निर्मित होने पर जिला स्तरीय कंट्रोल रूम और संबंधित अधिकारियों को तत्काल इसकी सूचना देने और प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू करने की पूरी तैयारी रखने के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया गया। सिंचाई विभाग के अधिकारियों को जलाशयों में जल स्तर की नियमित निगरानी और जल छोडऩे पर विशेष ध्यान रखने कहा है। उन्होंने जलाशयों से जल निकासी से पूर्व निचले गांवों को सूचित करने के निर्देश दिए। बाढ़ के कारण राहत शिविर लगाए जाने की स्थिति में नियमित चिकित्सा जांच उपलब्ध कराने हेतु कहा है। जिससे बुखार, उल्टी-दस्त, मलेरिया व अन्य बीमारी के लक्षणों वाले मरीजों को अलग कर उपचार किया जा सके और बीमारी के प्रसार में भी रोक लगे। आश्रयों व राहत शिविरों में नियमित कीटाणु शोधन (सेनेटाइजेशन) और स्वच्छता के लिए अतिरिक्त व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा गया है।

नदियों-बांधों में जल स्तर की लगातार हो रही निगरानी

लगातार हो रही बारिश से नदियों एवं बांधों में जल स्तर बढ़ा है। आज की स्थिति में केलो डेम में 201.60 मीटर, मांड में जलस्तर 226.10, महानदी चंद्रपुर ब्रिज में 197.80 मीटर, महानदी कलमा बैराज में 197.20 मीटर जल स्तर है। वहीं हीराकुंड डेम का जल स्तर 186.73 है। सभी नदियां और बांध अभी खतरे के निशान के करीब हैं। जिला प्रशासन द्वारा इसकी लगातार निगरानी की जा रही है।

बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित, कंट्रोल रूम 07762-223750 पर दे सकते है सूचना

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में मानसून-2024 में प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत व्यवस्था के संबंध में जिला कार्यालय रायगढ़ के कक्ष क्रमांक 42 में जिला स्तरीय बाढ़ आपदा राहत कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। यह कंट्रोल रूम 24 घंटे संचालित है। कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 07762-223750 है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष हेतु डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी, बाढ़ आपदा राहत शाखा रेखा चन्द्रा मोबा.नं.97528-06153 को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

अग्नि वीर थलसेना चयनित प्रतिभागियों का शारीरिक प्रशिक्षण 1 अगस्त से होगा प्रारम्भ

- रायगढ़ जिले के निवासी प्रतिभागी हो सकेंगे शामिल

रायगढ़

छत्तीसगढ़ शासन के वित्त मंत्री ओपी चौधरी के पहल पर रायगढ़ जिला प्रशासन द्वारा अग्नि वीर भारती थल सेना परीक्षा के लिखित चयनित प्रतिभागियों के लिए 45 दिनों का शरीरिक प्रशिक्षण कोर्स प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया था। वित्त मंत्री चौधरी के निर्देशन पर रायगढ़ जिला प्रशासन द्वारा इसके लिए उर्दना पुलिस लाइन, रायगढ़ का स्थल प्रशिक्षण हेतु चयन किया गया है। जो भी प्रतिभागी रायगढ़ जिले के अंतर्गत निवासरत हैं और जिन्होंने अग्नि वीर भर्ती परीक्षा 2024 लिखित परीक्षा में शामिल होकर शारीरिक परीक्षा के लिये चयनित हुए हैं वे सभी प्रतिभागी इस शारीरिक योग्यता प्रशिक्षण कैम्प में भाग ले सकते हैं। प्रशिक्षण कैम्प पूर्णत: नि:शुल्क होगा। संबंधित परीक्षार्थी जिन्होंने भी लिखित परीक्षा को पास किया है, वे सभी जिला पुलिस लाइन के रक्षित निरीक्षक अमित सिंह के मोबाइल नंबर 9479267072 एवं प्रभारी भुवनेश्वर पटेल के मोबाइल नंबर 7000081311 पर सम्पर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते है। संबंधित पात्र प्रतिभागी अपने समस्त डॉक्यूमेंट की छाया प्रति यथा कक्षा 10 वीं, 12 वी अंकसूची की छायाप्रति, निवास प्रमाण-पत्र, आधारकार्ड की छायाप्रति, दो पासपोर्ट फोटो अग्निवीर भर्ती परीक्षा की अंकसूची के साथ के साथ पूर्व पंजीयन 30 जुलाई 2024 तक रक्षित निरीक्षक कार्यालय, उर्दना रायगढ़ में जमा करवा सकते हैं। प्रथम चरण का 30 दिनों का शरीरिक प्रशिक्षण 01 अगस्त 2024 से प्रारंभ होगी।

ढाबा से सिलेंडर और राशन सामान चुराने वाला आरोपी गिरफ्तार, आरोपी से चोरी 2 सिलेंडर बरामद

रायगढ़

दिनांक 27/07/2024 को जूटमिल पुलिस द्वारा जामटिकरा मेन रोड स्थित ढाबा से सिलेंडर व राशन सामान चोरी कर करने वाले आरोपी शिवकुमार कुम्हार को चोरी सिलेंडर बिक्री के लिए ग्राहक तलाश करते समय पकड़ा गया है।

चोरी के संबंध में दिनांक 27/07/2024 को वार्ड क्र. 35 मिड्डुमुडा जूटमिल में रहने वाले राजेश कुमार सिंह द्वारा थाना जूटमिल में रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसका जामटिकरा मेन रोड पर ढाबा (भोजनालय) है जिसे प्रतिदिन सुबह 6:00 बजे से रात्रि 10.00 बजे तक खोलते है। हर रोज की तरह 28 अप्रैल की रात्रि ढाबा को बंद कर घर आ गया था। दूसरे दिन 29 अप्रैल की सुबह ढाबा खोलने गया तो देखा ढाबा का मुख्य दरवाजा का ताला टूटा हुआ था। ढाबे के अंदर रखे सामान इधर-उधर बिखरे पड़े थे कोई अज्ञात आरोपी ढाबा से दो नग सिलेंडर, कुछ राशन सामान और रु.1,000 को चोरी कर ले गया था। चोरी की रिपोर्ट पर थाना जूटमिल में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 339/2024 धारा 457, 380 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज द्वारा माल मुल्जिम पतासाजी के लिये मुखबीरों को सक्रिय किया गया। आज शाम मुखबिर सूचना पर कांशीराम चौक के पास सिलेंडर बिक्री के लिए ग्राहक तलाश कर घूम रहे संदिग्ध युवक को जूटमिल पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया, पूछताछ पर युवक ने अपना नाम शिव कुमार कुम्हार पिता दृष्टि राम कुमार उम्र 28 साल निवासी जामटिकरा ग्राम पंचायत गढउमरिया थाना जूटमिल जिला रायगढ़ बताया जिसने करीब तीन महीने पहले जामटिकरा ढाबे से सिलेंडर और 1,000 रूपये चोरी करना बताया। आरोपी के मेमोरेंडम पर 02 नग एचपी गैस सिलेंडर की जप्ती की गई है। थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज के नेतृत्व में आरोपी की पतासाजी, गिरफ्तारी में सहायक उप निरीक्षक नरेंद्र सिदार एवं हमराह की अहम भूमिका रही है।

हनुमान साइकिल स्टोर से 6 कार्टून में रखे 1360 नग सुलेसन जब्त

- नाबालिगों को नशे के लिए सोल्यूशन बेचने वाले की सूचना पर दुकान सील

रायगढ़

नाबालिकों द्वारा साइकिल, मोटरसाइकिल पंचर बनाने के लिए उपयोग किए जाने वाले सुलेशन का नशे के रूप में उपयोग करने की मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिले के संवेदनशील पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला को निर्देशित किये कि शहर में घुमंतु किस्म के बालकों पर निगाह रखकर उन्हें नशे से दूर रखने उपर्युक्त उपाय किये जाए। उनके जीवन संवारने के साथ नशे के रूप में ऐसी सामग्रियों का विक्रय करने वालों पर प्रभावी कार्यवाही की जाए निर्देशों के पालन में नगर पुलिस अधीक्षक द्वारा शहर के सभी थाना प्रभारी को घुमंतू बालकों पर निगाह रखने निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में आज चक्रधरनगर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में ऐसे 06 घुमंतू किस्म के बालकों को थाने के महिला हेल्प डेस्क में लाया गया। सभी बालक पूरी तरह नशे के आदि प्रतीत हो रहे थे जिनके अभिभावक/परिजन भी उनके नशाखोरी से परेशान थे। बालकों और उनके परिजनों से पूछताछ करने पर वे बताएं कि रायगढ़ के हनुमान साइकिल स्टोर से सुलेशन आसानी से खरीद लेते हैं। नगर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस अधीक्षक को संपूर्ण वास्तुस्थिति से अवगत कराया गया जिनके निर्देशन पर नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला के नेतृत्व में थाना कोतवाली, थाना चक्रधरनगर की संयुक्त टीम बनाई गई। कार्यपालिक मजिस्ट्रेट तृप्ती चंद्राकर के साथ पुलिस टीम द्वारा की हनुमान साइकिल स्टोर पर रेड किया गया। जहां 6 कार्टून में रखे लगभग 1360 नग सॉल्यूशन मिला। संचालक से नाबालिकों को सॉल्यूशन बिक्री करने संबंध में पूछताछ कर पुलिस ने गवाहों के समक्ष विधिवत 6 कार्टून सुलेशन की जप्ती की गई तथा कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में संपूर्ण कार्यवाही पूर्ण कर दुकान सील किया गया। थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक सुखनंदन पटेल द्वारा अनावेदक हनुमान साइकिल दुकान संचालक आदित्य बेरीवाल पिता अशोक बेरीवाल उम्र 32 साल रायगढ़ के विरुद्ध थाना कोतवाली में धारा 170 BNSS के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर न्यायालय पेश किया गया जहां आरोपित का जेल वारंट प्राप्त होने पर जेल दाखिल किया गया है । उक्त रेड कार्यवाही में टीआई सुखनंदनपटेल एसआई ऐनु कुमार देवांगन , प्रधान आरक्षक श्रीराम साहू तथा थाना चक्रधरनगर से निरीक्षक प्रशांत राव आहेर , प्र. आर. महेंद्र कर्ष , आरक्षक चूड़ामणि गुप्ता , सुशील मिंज एवं अन्य स्टाफ़ शामिल रहे।

वहीं थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर द्वारा नगर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर नशे से प्रभावित हुए 06 बालकों उनके परिजनों से सहमति प्राप्त कर उनके उचित इलाज/काउंसलिंग के लिए नवजीवन उन्नायक समिति जुर्ड़ा दाखिल कराया गया है। नशे के विरुद्ध जिला पुलिस की आगे भी इस प्रकार की कार्यवाही जारी रहेगी।

आदतन बदमाश पर घरघोड़ा पुलिस ने की कार्यवाई, ट्रांसपोर्ट कर्मी ने दर्ज कराई थी बदमाश पर गाली गलौच मारपीट की रिपोर्ट

रायगढ़

दिनांक 27.07.2024 को रिपोर्टकर्ता तेजेश्वर राव पिता अप्पा राव उम्र 47 साल निवासी कटंगडीह द्वारा थाना घरघोड़ा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि एस.के. एल. ट्रांसपोर्ट कंपनी में फील्ड सुपरवायजर के पद पर कार्य करता है। दिनांक 26.07.2024 की रात्रि लगभग 08.30 बजे घरघोड़ा भवानी कम्प्यूटर के सामने स्थित कपड़ा प्रेस करने वाले की दुकान पर बोलेरो वाहन से कपड़ा लेने आया था। उसी समय कपिल पटनायक निवासी घरघोड़ा बोलेरो वाहन के पास आया और शराब पीने के लिए 1,000 रूपए मांगने लगा जिसे रूपये देने से मना किया तो कपिल पटनायक जबरन झगडा विवाद कर गंदी गंदी गाली गलौज करते हुए हाथ में पहने पंजे से मारपीट किया। आरोपित कपिल पटनायक के विरूद्ध थाना - घरघोड़ा में अपराध क्रमांक - 222/2024 धारा - 296, 351(3), 115(2) ,119(2) बी.एन.एस. के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

आरोपित कपिल पटनायक पूर्व में थाना घरघोड़ा में दर्ज हत्या का प्रयास, मारपीट, आर्म्स एक्ट के प्रकरण का आरोपी रहा है तथा घरघोड़ा पुलिस आरोपित पर प्राप्त शिकायत पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी की गई है। आरोपी के विरूद्ध आयी रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हुए तत्काल थाना प्रभारी अमित तिवारी व स्टाफ द्वारा दबिश देकर आरोपी कपिल पटनायक पिता स्व. सुभाष पटनायक उम्र 24 वर्ष सा. ब्लाक कालोनी घरघोडा, थाना घरघोड़ा को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

सियान जतन क्लीनिक से वृद्धजनों को मिल रहा है लाभ

रायगढ़

'सियान जतन क्लीनिक' के तहत आयुष विभाग द्वारा वृद्धजनों (60 वर्ष) का सप्ताह के प्रति गुरूवार को नि:शुल्क पंजीयन, उपचार एवं औषधि वितरण किया जा रहा है। साथ ही पंचकर्म चिकित्सा की आवश्यकता वाले वृद्धजन को पंचकर्म चिकित्सा की सुविधा दी जा रही है। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए आयुष काढ़ा का वितरण किया जा रहा है। वृद्धजनों को स्वस्थ रहने के तौर तरीके बताने का काम आयुष चिकित्सकों के द्वारा निरंतर किया जा रहा है। और इसके अच्छे परिणाम भी लोगों को प्राप्त हो रहें हैं। योजना के यह पहल समाज में वृद्धजनों की महत्ता को प्रतिपादित करते हुए उनको बेहतर उपचार और स्वास्थ्य सेवायें प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है। आयुष विभाग के द्वारा सियान जतन क्लीनिक के माध्यम से शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में वृद्धजनों को बेहतर आयुष सेवायें मिल रही हैं।

जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.मीरा भगत के निर्देशन एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ.हितेश जायसवाल के मार्गदर्शन में शांति निकेतन वृद्धाश्रम में माह के द्वितीय एवं चतुर्थ गुरूवार को निम्न सेवायें डॉ.माकेश्वरी जोशी आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, योग चिकित्सक डॉ.जग्योशिनी बारला, योग प्रशिक्षक डोलनारायण साहू के द्वारा आयुर्वेदिक एवं एलौपैथी योग संबंधित चिकित्सा औषधि प्रदान किया जा रहा है। इसी तरह रक्त परीक्षण द्वारा मधुमेह, पाण्डु (एनिमिया) जांच किया जाता है। गत दिवस सियान जतन क्लीनिक के माध्यम से 63 वृद्धजनों को इसका लाभ मिला। जिनमें 40 महिलाएं एवं 23 पुरूष शामिल थे।

इसी तरह वात रोग, उदर रोग, चर्म रोग, मधुमेह, उच्च रक्त चाप, एनिमिया (पाण्डु), योग संबंधित योगाभ्यास, सलाह, वर्षा ऋतु जन्य उपचार संबंधित उचित सलाह दी जा रही है।

उर्वरक स्कंध में अनियमितता पाये जाने पर दो संस्थान पर हुई कार्यवाही, तीन को मिला कारण बताओ नोटिस

- आदान सामग्रियों के गुणवत्ता बनाये रखने के लिये विक्रय केन्द्रों का सतत रूप से जारी रहेगा निरीक्षण, दोषी पाये जाने पर होगी कठोर कार्यवाही

रायगढ़

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने जिले में कृषकों को खाद बीज एवं कीटनाशक की सुगमता पूर्वक गुणवत्तायुक्त उपलब्धता बनाये रखने के निर्देश दिए हुए है। उक्त निर्देश के परिपालन में कृषि विभाग द्वारा जिले के समस्त उर्वरक, बीज एवं कीटनाशी निरीक्षकों के द्वारा सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। उक्त जाँच अभियान में विगत सप्ताह में 10 संस्थानों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण में उर्वरक स्कंध में अनियमितता पाये जाने पर मेसर्स प्रकाश ट्रेडर्स पुसौर को 14 दिनों के लिये एवं मेसर्स सूरज इंटरप्राइजेस कबीर चौक रायगढ़ को 21 दिनों के लिये विक्रय पर प्रतिबंध की कार्यवाही की गई है। इसी तरह मेसर्स गोयल फर्टीलाईजर रायगढ़, महामाया जनरल स्टोर घरघोड़ा एवं मेसर्स हरियाली खरसिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

बीज एवं खाद की गुणवत्ता जांच के लिए विभिन्न विक्रय केन्द्रों से खाद के 103, बीज के 151 एवं कीटनाशी के 19 नमूने जांच के लिए भेजे गये है। उप संचालक कृषि अनिल कुमार वर्मा के अनुसार पूरे खरीफ मौसम में आदान सामग्रियों के गुणवत्ता बनाये रखने के लिये नमूना जांच एवं विक्रय केन्द्रों का निरीक्षण सतत रूप से चलता रहेगा एवं दोषी पाए जाने पर कठोर कार्यवाही कि जाएगी।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480